तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार, 8 सितंबर 2025



12 श्रीगणेश विसर्जन शोभायात्रा में एक से ...



12 प्रो कबड्डी में 38 और बॉलीबाल प्रतियोगिता...



## खबर संक्षेप



### पंडालों में श्रीगणेश दर्शन के लिए विधायक पहुंचे

**कांकेर।** कांकेर शहर में विराजे सभी गणेश पंडालों में भाजपा कार्यकर्ता के साथ विधायक आशाराम नेताम ने भगवान गणेश का दर्शन कर आशिर्वाद प्राप्त किया। विधायक आशाराम नेताम ने भगवान गणेश का दर्शन कर कहा कि बहुत ही सुखद अनुभूति की प्राप्ति हुई। सभी समिति का हार्दिक अभिनंदन जिन्होंने अपनी सेवा भाव से इतना अच्छा पंडाल और भगवान गणेश कि मूर्ति रखकर सनातन संस्कृति का मान बढ़ाया है। मैं आप सभी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। गणेश पंडालों में दर्शन के लिए विधायक के अलावा नगर पलिका अध्यक्ष अरूण कौशिक एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### जिला अस्पताल के सामने के गड्ढे को पाटने से राहत



**कांकेर।** भारी वर्षा के कारण शहर के कोमल देव अस्पताल के मेन गेट के सामने ही एक बड़ा गड्ढा हो गया था, जिसके कारण न केवल मरीजों को आने-जाने में असुविधा हो रही थी, बल्कि वाहन दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। शहर की मुख्य सड़क से लगी होने के कारण यह सड़क रात- दिन खुली रहती है। आकस्मिक किसी दुर्घटना से बचाव के लिए जन सहयोग समाजसेवी संस्था ने गड्ढे को तीन-चार गाड़ी मलबा लाकर पाट दिया। श्रमदान करने वालों में अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी, योगेंद्र बघेल, रवि चंद्रवंशी, सुंदर वर्मा, पारस पाल, आदु राम सार्वा, विनोद वाल्मीकि, सेलू देहारी, डॉ. श्याम देव, प्रवीण गुप्ता एवं अमृतलाल जवरानी शामिल रहे।

### डूबने से महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 50 वर्षीय जुगो बाई का डूबने से 6 सितंबर को मौत हो गया। बड़े कापसी निवासी सुरेश उसेंडी ने पुलिस को बताया कि मृतिका गांव के सुभाष ध्रुव के खेत पास गहरा तालाब में डूब गई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 20 वर्षीय प्रेरणा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। युवती ने आत्महत्या क्यो किया, यह अभी पता नही चल पाया है। पीव्ही 39 इन्द्रप्रस्थ निवासी 39 वर्षीय विपुल मल्लिक ने पुलिस को बताया कि 6 सितंबर को मृतिका ने अपने घर के कमरे में दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतिका द्वारा आत्महत्या के करने के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### किशोर की मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीएचसी बांदे में इलाज के दौरान 15 वर्षीय दिनेश दुग्गा का 6 सितंबर को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था। अज्ञात कारणों से उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**पर्व : डीजे की धुन पर निकली शोभायात्रा, रविवार को सूतक के पहले भी हुआ विसर्जन**

# नम आंखों से गणपति बप्पा को दी विदाई अगले बरस तू जल्दी आ के लगे जयकारे







सूतक लगने के बाद रविवार को देर रात तक चलता रहा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पिछले दस दिनों से जारी गणेश पर्व का समापन शनिवार को धूमधाम से बप्पा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ हो गया है, वहीं शहर की शेष बड़ी लगभग 12 मूर्तियों का विसर्जन रविवार को देर शाम शुरू किया गया। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर घर-दफ्तर घर-दफ्तर सहित पंडालों में विराजमान गणेशजी की छोटी-बड़ी मूर्तियों का तालाब और नदी में विसर्जन किया गया। विसर्जन के अवसर पर जहां लोगों ने नम आंखों से गणपति बप्पा को विदाई दी, वहीं डीजे की धुन के बीच अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे भी गूंजते रहे। उल्लेखनीय है कि 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के मौके पर अंचल में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। दस दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों और भक्ति के बाद शनिवार को अनंत चतुर्दशी के मौके पर विसर्जन का कार्य किया गया इस दौरान गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष गूंजते रहे। गणपति को हम श्रद्धा, आस्था, विश्वास और प्यार के साथ स्थापित करते हैं, उनका विसर्जन भी गणेश उत्सव का एक अभिन्न अंग है, जिसके बिना गणेश उत्सव पूर्ण नहीं होता। भाद्रपद मास में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की जाती है और 10 दिन बाद अनंत चतुर्दशी को उसी गणेश प्रतिमा के विसर्जन के साथ इस गणेश उत्सव का समापन होता है। हर व्यक्ति यह तो जानता है कि गणेश चतुर्थी को स्थापित की जाने वाली गणपति प्रतिमा को ग्यारहवें दिन यानी अनंत चतुर्दशी के दिन किसी बहती नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है। घरों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं के विर्सजन के पहले श्रद्वालुओं ने हवन कर पूजा पाठ किया और शनिवार 6 सितंबर को कांकेर शहर में अलबेलापारा तालाब, भंडारीपारा, मड़ईभाटा और सरंगपाल नदी में और ग्रामीण क्षेत्र में आसपास नदी व तालाबों में विसर्जन सुबह से ही प्रारंभ हो गया था। गणपति बप्पा मोरया और अगले बरस तुम जल्दी आना की गूँज चारों तरफ सुनाई दे रही थी।। शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का शनिवार को विसर्जन धूमधाम से किया गया।

### पुलिस का रहा पुख्ता इंतजाम

पुलिस ने शनिवार को पूरी व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाओं को विर्सजन के लिए अलबेलापारा तालाब पहुँचाई गई। प्रत्येक समिति के साथ एक पुलिस टीम थी, जो लगातार निगरानी बनाए रही। शनिवार को रात साढ़े 11 बजे तक लगभग 10 से 12 समितियों का विसर्जन पूर्ण हुआ, उसके बाद बसों के लिए आवागमन को चालू करवा दिया गया था। रविवार को दिन में आवागमन चालू रहा, परंतु सायं साढ़े 4 बजे से बसों के लिए आवागमन के रूट को परवर्तित कर दिया गया। समिति से लेकर अलबेलापारा तालाब तक पुलिस का पुख्ता इंतजाम रहा, जिससे शांति से विर्सजन हो सका।

### सूतक में किया गया विसर्जन

पिछले कुछ सालों में देखने को मिला है कि शहर में बड़ी संख्या में लोग अनंत चतुर्दशी के दूसरे दिन भी मूर्ति विसर्जित करते आए हैं, परन्तु इस बार दूसरे दिन यानि आज रविवार की दोपहर से चंद्रग्रहण का सूतक लगने के कारण लगभग आधे समितियों ने शनिवार को ही मूर्तियों का विसर्जन कर दिया है, वहीं कई समितियों ने रविवार को सूतक लगने के पहले विसर्जन किया, इसके अलावा लगभग 10 से 12 समितियों ने रविवार को रात 7 बजे के आसपास विसर्जन के लिए डीजे की धून पर मूर्ति लेकर निकले यानी सूतक लगने के बाद विसर्जन किया जा सका।

## सरोना का चोरिया रोड बारिश में कीचड़ से लथपथ, ग्रामीणों का आवागमन हुआ दूभर



- जनप्रतिनिधि की वादाखिलाफी से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

तहसील सरोना के ग्राम पंचायत चोरियों की जनसंख्या के हिसाब से बड़ी पंचायत है, परंतु इस गाँव को जाने के लिए सड़क कीचड़युक्त है। इस सड़क को बनाने के लिए आज तक सुध नहीं लिया गया है, जिससे इस मार्ग पर चलने वाले ग्रामीणों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नरहरपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत चोरिया जनसंख्या के हिसाब से बहुत बड़ा पंचायत है, पर विकास के दृष्टिकोण से काफी पिछड़ा हुआ गांव है। इस गांव में आवागमन का एक ही रास्ता है जो कि बारिश होंने के कारण कीचड़ से भरा हुआ है, जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का समाना करना पड़ता है।

बीते 2 वर्ष पहले गांव वाले चंदा एकत्र करके एवं श्रमदान करके आने-जाने के लिए अस्थायी पुल का निर्माण किया था, परंतु बारिश के कारण रोड पूरी तरह से कीचड़युक्त हो गया है। इस सड़क पर चलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्याओं को लेकर जनदर्शन, गांव में होने वाले शिविर और विभाग को कई बार अवगत कराया जा चुका है, परंतु अभी तक कोई पहल नहीं हो पाई है। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों के भी संज्ञान में लाया जा चुका है, परंतु अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हो पाई है। आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी चोरिया विकास के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ गांव है। इस गांव का सुध लेने कोई नहीं आता है, जनप्रतिनिधि चुनाव के समय झूठे वादे करके वोट ले लेते है, परंतु जो दिलासा देते है, उसे पूरा करने में कामयाब नहीं हो पाते है। ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है कि हमारी यह बहुत पुरानी माँग आज तक पूरा नहीं हो पा रही है।

## पीजी कॉलेज की भूगोल परिषद के पदाधिकारियों ने ली शपथ



**कांकेर।** पीजी कॉलेज में स्नातकोत्तर स्तर पर भूगोल परिषद का गठन किया गया। एमए भूगोल प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा सर्व सहमति से भारती मण्डावी अध्यक्ष, चंद्रप्रकाश कोरचे उपाध्यक्ष, हिमांशु देवांगन सचिव, आकांक्षा साहू सहसचिव व अन्य पदाधिकारियों का चयन एवं शपथ ग्रहण कराया गया। आयोजित कार्यक्रम में भूगोल विभागाध्यक्ष एसआर दर्रो द्वारा वार्षिक कार्य योजना 2025-26 का व्याख्यान दिया गया। मुख्य अतिथि भौतिकशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अशोक कुमार ज्योति के द्वारा विद्यार्थियों के अध्यापन एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी संबधी तत्वों पर प्रकाश डाला गया। सह परिषद प्रभारी डॉ.योगिता साहू के द्वारा विषय के महत्व, शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य गतिविधियों में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। भूगोल परिषद प्रभारी डॉ. शिवेन्द्र कुमार धुर्वे द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने, शोधकार्यों में रूचि बढाने, विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी एवं शिक्षक दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों के उदबोधन के बाद विभाग में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर प्राध्यापकों का स्नेह पूर्वक सप्रेम भेंट देकर सम्मानित किया गया।

## अंतागढ़ इलाके में दंतैल का आतंक घर को ढहाया व दो महिलाएं घायल







हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

विकासखंड अंतागढ़ में दो दिन पहले आमागांव ईलाके में दंतेल ने दस्तक देते हुए किसानों की फसल को नुकसान पहुँचाते हुए करेलपसा निवासी एक ग्रामीण की एक दीवार को ढहा दिया, जिससे उसमें दबने से दो महिलाएं घायल हो गई। दोनो महिलाओं को प्राथमिक ईलाज के बाद जिला अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों की मानें तो महिलाओं का स्वास्थ्य पहले से बेहतर है।

जानकारी के अनुसार 5 सितंबर की रात को दंतेल महाराष्ट्र से कोयलीबेड़ा विकासखंड होते हुए अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम आमागांव के पारा करेलपसा पहुँच गया। किसानों की धान को रौंदते हुए गांव से दूर बने घर की दीवार को धक्का दिया, जिससे दीवार गिर गई। घर के अंदर सो रही महिलाओं कांति पति सुरजूराम धुरु उम्र 48 वर्ष और एक लड़की सरोज पिता चेतराम मरकाम उम्र 16 वर्ष दीवाल में दब गए, जिससे उनको चोट आई। जानकारी मिलते ही वन विभाग का अमला पहुँचा और उनको प्राथमिक ईलाज के उपरांत जिला अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया, महिलाओं का ईलाज जारी है। चिकित्सकों की मानें तो दोनो की हालत ठीक है। दंतेल इसके पहले भी अंतागढ़ क्षेत्र में आतंक मचा चुका है और कई लोगों के घरों को नुकसान पहुँचाया है, साथ ही फसल को नुकसान पहुँचाया है। कुछ दिन पहले बांदे ईलाके में कई घरों की दीवार ढहाकर नुकसान पहुँचाया था। महाराष्ट्र से एक ही दंतेल लगातार इस ईलाके में पहुँचकर इस तरह का नुकसान पहुँचाता रहता है।

वन विभाग के एसडीओ विजय चंद्रवंशी ने बताया कि खबर मिलते ही घायल महिलाओं का प्राथमिक ईलाज के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया ▶▶| शेष पेज 10 पर

## कीट प्रकोप से फसलों को बचाने के लिए दवाइयों का छिड़काव जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत क्षेत्र के किसानों ने अपनी धान की फसल को कीटों के प्रकोप से बचाने के लिए खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव शुरू कर दिया है। लगातार बारिश के कारण किसान पहले अपनी फसलों में कीटनाशक का छिड़काव नहीं कर पाए थे, जिस वजह से कीटों का प्रकोप काफी बढ़ गया था। किसानों ने बताया इस साल धान की फसल में तना छेदक, पत्ती लपेटक, हरे और, भूरे फुदके, गंधी बग, सैनिक कीट और लाल कीड़ा जैसे हानिकारक कीटों का प्रकोप देखा जा रहा है। क्षेत्र सिवनी दमकसा, हानपतरी, दुर्गुकोदल, मेड़ों, सुखई, सिहारी के किसान परदेसी राम मंडावी, रेखलाल विश्वकर्मा, बलराम मंडावी व राज विश्वकर्मा ने बताया कि लगातार बारिश से उन्हें छिड़काव का मौका नहीं मिला और अब जब मौसम थोड़ा साफ हुआ है तो कीटों की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इस स्थिति से ▶▶| शेष पेज 10 पर

**विधायक आशाराम ने दोनों गाँव में भूमिपूजन कर रखी आधारशिला**

## पुसवाड़ा और रोड़े गाँव के ग्रामीणों को पुल व पुलिया की मिली सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पुसवाड़ा के मर्रीपारा में पुल बनाने की माँग लंबे समय से किया जा रहा था, यह माँग विधायक आशाराम नेताम के संज्ञान में लाया गया, उन्होने चुनाव के समय वादा किया था कि विधायक बनने के उपरांत इस पुल को बनवाया जाएगा, अंततः चुनाव के समय पर ग्रामीणों से किए वादे को पूरा करते हुए 103 लाख की लागत से बनने वाले पुल का विधायक ने भूमिपूजन किया। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि चुनाव के समय जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों से जो वादा किया था, उसे पूरा करना ही हमारा ध्येय है। मैने चुनाव के समय जिस जगह, जिस काम के लिए वादा किया था, उसे पूरा कर रहा हूँ। मेरा यही प्रयास है कि मेरे विधानसभा के प्रत्येक गाँव की प्रमुख जो समस्या है, उसका निदान कर सकूं। विधायक ने कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय जिस प्रकार से हमारी महिलाओं की चिंता करके हर माह 1000 रूपएं दे रहे है, वो बड़ी बात है। हमारी भी यहीं चिंता है कि गांव के लोगों की ▶▶| शेष पेज 10 पर

### एक साल पहले किया था वादा, आज कर रहा हूँ पूरा



**धनेलीकन्हार।** कांकेर ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत कन्हारपुरी के आश्रित ग्राम रोड़े नयापारा में चिनार नदी में पुलिया निर्माण की आधारशिला रखते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि पिछले वर्ष रामधुनि कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्रामीणों ने कई मांग किया था, जिस पर मैंने पूछा कि इसमें कौन सी माँग ज्यादा जरूरी है, तब ग्रामीणों ने चिनार नदी पर पुलिया निर्माण को प्राथमिकता दी थी। मैने आने वाले वर्षों में पुलिया निर्माण की आधारशिला रखने की धोषणा किया था, जिसका मैं भूमिपूजन करके आधारशिला रखा हूँ। छह लाख चौरासी हजार रुपए की लागत से बनने वाली इस पुलिया के बनने से मोदे, आलबेड़ा, तेलावट, वरचेगोंदी सहित कई ग्राम के ग्रामीणो को आने जाने में सुविधा होगी। उन्होंने ग्रामीणों की टीन शेड की मांग पर कहा कि पुलिया जैसे ही बन जाएगा, उसके बाद टीन शेड निर्माण कार्य को पूरा किया जाएगा। उन्होंने ग्राम की युवा संगठन की तारीफ करते हुए कहा की यह संगठन ग्राम को विकास की दिशा में कार्य कर रही है। इस अवसर मछुआ कल्याए बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा और जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े ने भी संबोधित किया। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व महामंत्री लोकेश्वर सेन, सरपंच संदीप धुर्वे, जनपद सदस्य पंचुराम नायक, मिथलेश मंडावी, अशोक कचलाम, नितेश सलाम, दुष्यंत देहारी, कृष्णा साहू, अंकित टावरी, पन्ना लाल ठाकुर सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## सुलंगी के एक ईसाई परिवार की देव पूजा कर मूल धर्म में वापसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के अति संवेदनशील क्षेत्र ग्राम सुलंगी के गोटुल भवन में क्षेत्र के 8 गांवों के गायता, पटेल और ग्रामीणों ने एकत्र होकर धर्मांतरण के विरुद्ध आंदोलन छेड़ने का निर्णय लिया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बढ़ते धर्मांतरण से उनकी देवी-देवता की पूजा पद्धति और पारंपरिक संस्कृति खतरे में आ गई है। इस अवसर पर गाँव के एक परिवार ने ईसाई धर्म छोड़कर मूल धर्म में वापिसी करवाया गया। जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम ने बताया कि सुलंगी में आसपास के 8 गांव के गायता, पटेल और ग्रामीणों ने बैठक करके लगातार हो रहे जबरदस्ती धर्मांतरण पर कठौर निर्णय लिया गया। ग्राम सभा द्वारा निर्णय लेकर सूचना बोर्ड लगाया गया, जिस पर लिखा है पास्टर का धर्मांतरण क्रियाकलाप वर्जित है। बैठक के ▶▶| शेष पेज 10 पर

# पालतू व आवारा कुत्तों-बिल्लियों को अब लगाया जाएगा टीका

## पशु चिकित्सा विभाग और स्थानीय निकाय मिलकर चलेंगे अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में 15 सितम्बर से 30 सितम्बर तक निरूशुल्क एंटी–रेबीज टीकाकरण पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। यह अभियान पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग द्वारा नगरपालिका, नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों के सहयोग से संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जिले के नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में पालतू तथा आवारा कुत्तों और बिल्लियों को निःशुल्क एंटी–रेबीज टीके लगाए जाएंगे। टीकाकरण के साथ–साथ आम नागरिकों को रेबीज रोग के खतरे, उससे बचाव के उपाय और समय–समय पर पशुओं का टीकाकरण कराने के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पालतू श्वानों और बिल्लियों को नजदीकी पशु चिकित्सालय में लाकर निरूशुल्क एंटी–रेबीज टीकाकरण अवश्य कराएं।

जिले में 15 से 30 सितम्बर तक निःशुल्क एंटी–रेबीज टीकाकरण पखवाड़ा



### सामाजिक संगठनों से मांगा सहयोग

अफसरों ने पशुप्रेमियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि वे आवारा श्वानों को पकड़कर उनके टीकाकरण में विभाग का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि ताकि जिले को इस घातक रोग से सुरक्षित बनाया जा सके।

## खबर संक्षेप





### आज होगा मोर लक्ष्य मोर अभियान के तहत कार्यक्रम

**फरसगांव।** नगर में स्थित आदर्श स्कूल में आज सोमवार को मोर लक्ष्य मोर अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में छग के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल होंगे। कार्यक्रम के तैयारी पूरी कर ली गई है। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम तैयारी के संबंध में सभी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए है। विधायक खुद मौके पर पहुंचकर कार्यक्रम को लेकर कार्यों का जायजा भी ले रहे है। यह कार्यक्रम प्रदेश में पहला कार्यक्रम है जो विधायक नीलकंठ टेकाम ने नेतृत्व में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिले के 4000 से अधिक स्कूल और कॉलेज के बच्चे शामिल होने। इस कार्यक्रम में वनमंत्री केदार कश्यप , कांकेर सांसद भोजराज नाग, बस्तर सांसद महेश कश्यप, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव सहित अन्य विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे ।

### निःशुल्क मेडिटेशन कैम्प 8 से

**नगरी।** जैन समाज एवं शांत क्रांति संघ नगरी द्वारा निःशुल्क मेडिटेशन कैम्प का आयोजन 8 से 15 सितम्बर तक कृषि उपज मंडी नगरी के प्रांगण में सुबह 7.15 से 8.15 बजे किया जा रहा है। ज्ञात हो कि नगरी में जैन आचार्य विजयराज मसा की आज्ञानुवर्ती साध्वी वैभव श्रीजी, काव्या श्रीजी, प्रतीक्षा श्रीजी ओसवाल भवन में चातुर्मास के लिये विराजित हैं।

आयोजन: हाईस्कूल मैदान में जिला स्तरीय प्रतियोगिता की शुरुआत

# बोरगांव में सुशांत सज्जल स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव/फरसगांव

■ मिनी स्टेडियम बनवाने का विधायक ने किया वादा

फरसगांव के पूर्वी बोरगांव हाईस्कूल ग्राउंड में आज सुशांत सज्जल स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज किया गया। जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 में कई टीमें भाग ले रहीं हैं। आयोजन बोरगांव फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में किया जा रहा है। मुख्य अतिथि विधायक नीलकंठ टेकाम और पूर्व कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रवि घोष ने खिलाड़ियों को गुलाब भेंट कर और बॉल में किक लगाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। विधायक ने खेलों को जीवन कौशल और अनुशासन से जोड़ते हुए मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा की। जिला पंचायत सदस्य कलता मंडावी, जनपद सदस्य विक्की दास, भाजपा महामंत्री तरुण साना, सरपंच चन्द्रकला सरकार, उप सरपंच अशोक दास और सोमा दास सहित कई जनप्रतिनिधि इस मौके पर उपस्थित रहे। उद्घाटन मैच अपरान्ह 4 बजे वीर गुंडाधुर क्लब बनियागांव और डीआरजी पुलिस लाइन कोंडागांव के बीच खेला गया। कड़े मुकाबले में वीर गुंडाधुर क्लब ने शानदार जीत दर्ज की। बोरगांव फुटबॉल क्लब ने खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त किया।



### सज्जल परिवार ने व्यक्त किया आभार

स्व. सुशांत सज्जल की पत्नी प्रभा सज्जल ने क्लब और उपस्थितजनों का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह आयोजन उनके पति की स्मृति को जीवित रखने का सराहनीय प्रयास है। प्रतियोगिता के आगामी मैच और भी रोमांचक होंगे।



### 12 टीमें लेंगी भाग

फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले की 12 टीमें भाग लेंगी। जिनके बीच सात दिनों तक फुटबॉल मैच खेला जाएगा। विधायक ने स्टेडियम ग्राउंड, रंगमंच एवं ओपन जिम की घोषणा की है। इस मौके पर विधायक नीलकंठ टेकाम, जनपद सदस्य विक्की दास , वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीण बदेशा, भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण राव , मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण पांडे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



# जर्जर सड़कों, जाम के कारण संजीवनी 108 में महिला प्रसव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

■ ईएमटी स्टाफ ने कराया सुरक्षित प्रसव

जिले के ग्राम उड़ीदगांव की हेमबत्ती पोटाई को प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेनूर मे भर्ती कराया गया था। बेनूर अस्पताल में मरीज की स्थिति ठीक नहीं होने और प्रीक्लैमसिया केस होने के कारण जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

स्टॉफ नर्स ने स्थिति को देखते रेफर के लिए संजीवनी 108 से संपर्क किया। 108 संजीवनी से संपर्क होने पर ईमटी खेमेश्वरी और पायलट उमेश नेताम पहुंचे। बेनूर अस्पताल से मरीज को एम्बुलेंस मे शिफ्ट कर जिला अस्पताल के लिए निकले। रास्ता बहुत ही ख़राब और मरीज की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण एम्बुलेंस को ड्राइवर द्वारा धीरे धीरे ले जाया जा रहा था।

देवगांव के पास पहुंचने पर मरीज को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी रास्ते में ट्रक फंसने के कारण 108 के पाइलट ने एम्बुलेंस को रास्ते से बाहर कर रोड के किनारे खड़ा किया। ईमटी ने मरीज की जांच की। जांच करने पर ईमटी ने पाया की मरीज का शीघ्र प्रसव कराने की जरुरत है। ईमटी द्वारा परिजनों को समझाकर मितानिन की मदद से प्रसव कराया गया। प्रसव के बाद जच्चा- बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।

# इंस्ट्राग्राम से दोस्ती फिर शादी का झांसा देकर अपहरण, दो सालों किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

## पुलिस ने रिपोर्ट के चंद घंटों बाद आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



इंस्टाग्राम से दोस्ती की, फिर बुलाकर अपहरण कर दूसरे राज्य ले गया। शादी का झांसा देकर दो साल तक दुष्कर्म करता रहा। गर्भवती होने के बाद घर लाकर छोड़ा दिया। रिपोर्ट के कुछ घंटों बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली पीड़िता ने शनिवार को रात फरसगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि कांकेर जिले के ग्राम कोटनखोड निवासी अनीश मंडावी पिता सोहन मंडावी उम्र 24 के साथ वर्ष 2023 में ढाई साल पहले इंस्ट्राग्राम में दोस्ती हुई। जिसके बाद वह उसे मिलने बुलाया, पीड़िता बहीगांव बाजार में मिलने आई, फिर उसे शादी करूंगा कहकर तमिलनाडु ले गया। शादी का प्रलोभन देकर उससे दो सालों तक लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। फिर अप्रैल माह 2025 में उसे घर में लाकर छोड़ दिया । पीड़िता 8 माह की गर्भवती हो गई, अब शादी करने से इंकार कर रहा है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 116/2025 धारा 137(2), 87.65(1) बीएनएस, पॉक्सो एक्ट की धारा 6 कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय के निर्देश और एसडीओपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में फरसगांव थाना के सहायक उप निरीक्षक पीताम्बर कठार की नेतृत्व में आरोपी की पतासाजी करते हुए चंद घंटे मे हो आरोपी अनीश मंडावी को गिरफ्तार किया गया। रविवार को आरोपी के खिलाफ विधिवत कार्रवाई के पश्चात उसे न्यायालय में पेश कर रिमांड में जेल भेजा गया है।

### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक राजकुमारी पाण्डेय रक्षित केन्द्र कोण्डागांव, सउनि पिताम्बर कठार, सउनि सुरेन्द्र बघेल, सउनि यशवंत सेन, आरक्षक अजरंग बघेल, घनश्याम यादव, नारायण शार्दूल, महिला आरक्षक भानुप्रिया मरकाम की उल्लेखनीय भूमिका रही है।




# कृषि विभाग की टीम ने किया उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ नियम उल्लंघन पर जारी हुआ नोटिस

निरीक्षण के दौरान दुकान में डीएपी 46 बोरी और एसएसपी 80 बोरी उपलब्ध पाई गई, लेकिन एमओपी एवं यूरिया का स्टॉक शून्य था। मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं किया गया था।स्कंद पंजी, कैश मेमो और वितरण पंजी का सही तरीके से संधारण नहीं किया गया। इस पर विभाग ने विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया। मेसर्स वी.एस. कंस्ट्रक्शन धनोरा के विक्रय केंद्र एवं गोदाम में निरीक्षण के दौरान उर्वरक का कोई स्टॉक नहीं पाया गया। विभागीय टीम ने विक्रेताओं को स्कंद पंजी, वितरण पंजी एवं कैश मेमो व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि उर्वरक का विक्रय केवल शासन द्वारा निर्धारित दरों पर ही किया जाए।

# कुकरेल तहसील में तेंदूकोन्हा को शामिल करने पर ग्रामीणों की आपत्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कुकरेल तहसील परिसीमन में ग्राम तेंदूकोन्हा को शामिल करने पर ग्रामीणों ने आपत्ति की है। तेंदूकोन्हा के ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि तेंदूकोन्हा धमतरी शहर से 7 किमी दूर है। धमतरी तहसील तथा जिला मुख्यालय में जाने के बाद सभी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। समय की बचत भी होती है। कुकरेल तहसील तेंदूकोन्हा से करीब 11 किमी दूर है। यहां आने-जाने के लिए संसाधनों की कमी है। इससे ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें कुकरेल तहसील में शामिल करने की पूर्व में कोई जानकारी नहीं दी गई है। पंचायत से भी ग्रामीणों को कोई सूचना नहीं दी गई। 3 सितंबर को हल्का पटवारी द्वारा गांव में सूचना पत्र चस्पा किया है जिसमें तेंदूकोन्हा को कुकरेल तहसील में शामिल किए जाने की जानकारी दी गई है। ग्रामीण अमरसिंग, रामचरण, किशन यादव, सोमनाथ, रामानंद, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष रमेशकुमार, कोषाध्यक्ष सुखदेव ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों के हित को ध्यान में रखते हुए नवनिर्मित कुकरेल तहसील में शामिल करने पर आपत्ति जताई है।

# गणेश विसर्जन के लिए पुलिस ने की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



गणेश विसर्जन को लेकर पुलिस, निगम, सिंचाई विभाग एवं गोताखोरों ने संयुक्त रूप से तैयारी कर ली है। वहीं पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट मोड पर आ गई है। इस दौरान सिविल ड्रेस में तैनात पुलिस आसामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखेगी।

श्री गणेश भगवान की झांकी एवं विसर्जन कार्यक्रम को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने एसपी के निर्देशानुसार जिले के सभी अनुभाग में पुलिस ने व्यापक स्तर पर मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की है। झांकी व विसर्जन के लिए पुलिस द्वारा पूर्व में ही तैयारी कर ली गई है। जिसके तहत सभी अनुभाग में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं। राजपत्रित अधिकारी स्वयं स्थल पर मौजूद रहकर लगातार निगरानी करेंगे। सिविल ड्रेस में पुलिस के जवान भीड़ में रहकर प्रत्येक गतिविधि पर बारीकी नजर रखेंगे। सीसीटीवी कैमरे की मदद से भीड़ पर नजर रखी जाएगी। पूर्व तैयारी के चलते असामाजिक व अराजक तत्वों व पुराने रिकार्डधारियों को सुबह से ही राउंडअप किया गया। विसर्जन स्थल पर पुलिस के साथ-साथ अन्य विभाग के कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। नगर निगम विसर्जन स्थल में स्वच्छता व्यवस्था देख रहा है। सिंचाई विभाग द्वारा जलस्तर व तकनीकी सहयोग किया जाएगा। नगर सेना के गोताखोर सुरक्षा एवं आकस्मिक परिस्थितियों में बचाव का कार्य करेंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक उपचार एवं अपातकालीन सेवाएं दी जाएगी। वहीं प्रतिमाओं को सुरक्षित विसर्जन के लिए क्रेन उपलब्ध कराया गया है।

### यातायात व्यवस्था बनाने के विशेष निर्देश

यातायात प्रबंधन के लिए यातायात प्रभारी एवं थाना प्रभारियों को विशेष दिशा -निर्देश दिया गया है। जुलूस मार्ग एवं विसर्जन स्थल पर यातायात बाधित न हो इसके लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं। वहीं समितियों से गणेश की मूर्ति ले जाते समय विद्युत तारों एवं भीड़भाड़ का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई है।

### सुरक्षा नियमों का पालन करें

एसपी सूरजसिंह परिहार ने कहा है कि गणेश विसर्जन का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का प्रतीक है। सभी नागरिकों से अपेक्षा है कि इसे शांति एवं सौहाद्र के साथ मनाएं। प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। पुलिस हर परिस्थिति पर नजर रखी हुई है।

## कमेला संकुल में शिक्षक दिवस पर हुए विविध आयोजन

# गुलदस्ता और उपहार भेंटकर किया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ डॉ. राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ शुभारंभ

संकुल केंद्र कमेला की सभी शालाओं में शिक्षक दिवस समारोह का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा–अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम में नन्हे–मुन्ने बच्चों ने अपने शिक्षकों को श्रीफल, गुलदस्ता, तिलक चंदन और उपहार भेंटकर सम्मानित किया।

प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक गौतम राम पांडे ने अपने उद्बोधन में डॉ. राधाकृष्णन के विचारों पर प्रकाश डाला और गुरु–शिष्य परंपरा बनाए रखने तथा लक्ष्य निर्धारित कर सफलता हासिल करने का संदेश दिया। प्राथमिक शाला कमेला की सफाई कर्मी श्रीमती मिलन बैध ने अपने जन्मदिन पर विद्यालय के छात्र–छात्रओं को आमंत्रित कर भोजन कराया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया।




### कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका रहा योगदान

शिक्षिका रोशनी, व्याख्याता होरी लाल चंद्रवंशी, टिकेश्वर प्रसाद साहू, अविनाश कुमार बनर्जी, दीपक, कर्मचारी रितेश कुमार सेठिया, हेमलाल पांडे, नंदलाल पांडे और बच्चों का विशेष सहयोग रहा।

## पेज 9 के शेष

### अंतागढ़ इलाके में...

गया है, उनकी हालत ठीक है। मासबरस में दंतेल की दस्तक है, सभी गाँव में लोंगो को आगाह किया गया है कि अंधेरे में खेत की ओर न निकले। वन विभाग की एक टीम लगातार दंतेल पर नजर बनाए हुए है।

### कीट प्रकोप से ...

निपटने के लिए किसान तुरंत अपनी फसलों पर लंबे समय से धूप नहीं खिलने की वजह से आ रही थी बाधा क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण छिड़काव नहीं कर पाए थे और अब कीटनाशक का छिड़काव कर रहे हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को सलाह दिया है कि वे सही समय पर और सही मात्रा में कीटनाशकों का इस्तेमाल करें। उन्होंने बताया कि कीटनाशकों के गलत इस्तेमाल से फसलों और पर्यावरण दोनों को नुकसान हो सकता है। अधिकारियों ने किसानों को यह भी सलाह दिया है कि वे कीटों के प्रकोप को रोकने के लिए मौसम के पूर्वानुमान पर नजर रखें, कृषि विशेषज्ञों के परामर्श से ही अपनी फसल का उपचार कर सही समय पर छिड़काव की योजना बनाएं, जिससे फसल को नुकसान न हो।

### पुसवाड़ा और रोड़े...

समस्या का निदान हो। इस पुल के बनने से गांव के लोग 70 साल से परेशान थे, उनकी समस्या के निराकरण की नींव रखी जा रही है। विभाग के अधिकारियों से कहना है कि इस पुल को गुणवत्तापूर्ण जल्द से जल्द बनाएं, जिससे मेरे कार्यकाल में ही ग्रामीण इसका उपयोग कर सके। यह सब भाजपा सरकार के कारण ही संभव हो सका है। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने भी अपने विचार रखें। आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण जनप्रतिनिधि के अलावा जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी भी उपस्थित रहे।

### सुलंगी के एक...

उपरांत सुलंगी निवासीसोहनलाल आंचला पिता पंचम आंचला ने अपने परिवार सहित ईसाई धर्म त्यागकर पुनः अपने मूल धर्म में वापसी किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उनका पारंपरिक रूप से पगड़ी बांधकर सम्मान किया।

सोहनलाल आंचला ने कहा कि वे अपने धर्म में वापसी कर गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि जो लोग ईसाई धर्म अपना चुके हैं, वे भी जल्द ही अपने मूल धर्म और संस्कृति में वापिस आएंगे। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गौर, सरपंच दिनेश आंचला, सर्व आदिवासी युवा प्रभाग के राजेश गोटा, गायता दुलार सिंह पोटाई, परगना मांझी रतू पोटाई, ग्राम पटेल कृष्णा उसेंडी, जागेश्वर टेकाम, अशोक उसेंडी, रतन आंचला सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## गणेश विसर्जन धूमधाम से किया गया



**घाटलोहंगा।** गुचागुड़ा में ठाकुर परिवार हर साल की भांति इस वर्ष भी भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई थी। संदीप ठाकुर उम्र 8 ने भगवान गणेश के प्रति लीन होकर 7 दिन पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया। ठाकुर परिवार ग्रामीणों के साथ भगवान गणेश विसर्जन धूमधाम से किया गया।

## पीएमश्री सेजस बस्तर में मनाया गया शिक्षक दिवस



**बस्तर।** पीएम श्री सेजस बस्तर में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक - शिक्षिकाओं के सम्मान में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य मनोज सिंह द्वारा अपने स्वागत उद्बोधन के साथ किया गया एवं बच्चों को कार्यक्रम आयोजित करने के लिए धन्यवाद दिए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंग-बिरंगे एवं भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं को पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से पौधे भेंट किए गए जिसे पाकर समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा हेड बॉय भव्य सिंह ठाकुर एवं हेड गर्ल श्रेयसी मिश्रा एवं कैप्टन एवं वाइस कैप्टन द्वारा सामूहिक रूप से बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन खुशी खूंटे एवं घनिष्ठा सेठिया द्वारा किया गया।

# नकुलनार क्षेत्र में धूमधाम से हुआ गणेश विसर्जन, सुरक्षा के इंतजाम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नकुलनार







ग्राम नकुलनार में रविवार को गणेश विसर्जन का भव्य और रंगारंग उत्सव धूमधाम से मनाया गया। दिनभर जगह-जगह से झांकियों के साथ गणेश प्रतिमाएं मसेनार नदी घाट की ओर जाती दिखीं। भक्तिमय माहौल, गुलाल की रंगत और ढोल-ढाक, डीजे की थाप पर थिरकते श्रद्धालु पूरे क्षेत्र को उत्सवमय बना रहे थे।

***झांकियों ने बांधा समा***

नकुलनार शिव मंदिर, सोसाइटी कॉलोनी, कुआकोंडा, बैदीपारा सहित आसपास के सभी इलाकों से गणेश प्रतिमाएं आकर्षक झांकियों के रूप में निकलती दिखीं। नवयुवक समितियों ने पूरे ग्राम में झांकियों का भ्रमण कर प्रसाद वितरण किया। जगह-जगह भक्तजन गुलाल उड़ाते और डीजे की धुन पर नाचते नजर आए। सोसाइटी कॉलोनी की महिलाओं ने भी विसर्जन झांकी में सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे माहौल और भी रंगारंग हो गया। सभी प्रतिमाओं को मसेनार नदी घाट पर एकत्र कर सामूहिक आरती की गई। पूरा वातावरण गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंज उठा। इसके बाद श्रद्धालुओं ने एक-एक कर प्रतिमाओं को नदी में विसर्जित किया और अगले वर्ष गणपति बप्पा के शीघ्र आगमन की कामना की। जहां एक ओर विसर्जन का उल्लास चरम पर था, वहीं सुरक्षा के इंतजाम पूरी तरह नदारद रहे। मसेनार नदी के बड़े घाट पर न तो पुलिसकर्मी नजर आए और न ही किसी प्रकार की लाइफ जैकेट या बचाव दल की व्यवस्था की गई। आमतौर पर इस तरह के आयोजनों में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाती है ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। लेकिन इस बार समितियों और श्रद्धालुओं को बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के ही विसर्जन करना पड़ा।

***भक्ति और आस्था में डूबा रहा नकुलनार***

दिनभर चली झांकियों और शाम तक नदी किनारे हुए विसर्जन के बाद नकुलनार का वातावरण पूर्णतः भक्तिमय रहा। गणेश भक्तों ने पारंपरिक नारे लगाते हुए गणपति बप्पा को विदा किया और अगले बरस पुनः आगमन की प्रतीक्षा जताई।

### बस्तरिया राज मोर्चा के विस्तार को लेकर जुटे नेता जनप्रतिनिधि

# शांति वार्ता होती तो जो जानें जा रही है शायद नहीं जाती : कुंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंटा



ब्लॉक मुख्यालय कोंटा में बीते दिन बस्तरिया राज मोर्चा संगठन की एक बड़ी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कोंटा विधानसभा के पूर्व विधायक बस्तरिया राज मोर्चा के संयोजक मनीष कुंजाम सहित सुकमा जिला प्रभारी रामा सोड़ी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम सहित कोंटा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले लगभग 2 दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों से जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता शामिल हुए।

■ बाहरी लोगों का प्रवेश आदिवासी वनांचल क्षेत्रों में होने पर जाहिर की चिंता

ज्ञात हो की मनीष कुंजाम के नेतृत्व में अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए बीते एक वर्ष पहले बस्तर संभाग में बस्तरिया राज मोर्चा का गठन किया गया था। जिसकी प्रथम वर्षगांठ सुकमा जिला मुख्यालय में 11 तारीख के संपूर्ण बस्तर संभाग के जिलों स्तर के नेता कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधियों के साथ मनाए जाने की तैयारियां चल रही है। जिसके पूर्व बस्तरिया राज मोर्चा संगठन के द्वारा तेजी से संगठन विस्तार पर बल देते हुए ब्लॉक स्तर संगठन एवं ब्लॉक स्तर युवा संगठन का गठन कर रही है। पांचवी अनुसूची के अंतर्गत अपने मूल अधिकारों का लाभ नही मिलने तथा आने वाले समय में उबरने वाले समस्याओं की परिदृश्यों को समझते हुए बस्तरिया राज मोर्चा लम्बी लड़ाई लड़ने के साथ एक मजबूत संगठन बनकर कर उभरने में जुट गई है। अलग बस्तर राज्य के साथ अलग बस्तरिया राज मोर्चा की इतिहास लिखने अब यह संगठन अपनी पूरी कोशिश में लग गया है। ज्ञात हो कि बस्तर संभाग सहित पुरे छत्तीसगढ़ राज्य में मनीष कुंजाम एक ऐसा चेहरा है जिनके सामने हर पत्थर एक कच्चे ईट के समान मानी जाती है और इनके भाषणों तथा उठाई जाने वाली हर आवाज को हर नेता कार्यकर्ता सुनने की कोशिश करता है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भाकपा की राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे को इलेक्शन कमीशन भारत सरकार द्वारा वापस लिए जाने के बाद राष्ट्रीय स्तर से जुड़े भाकपा नेता मनीष कुंजाम की साख दांव पर पर लगा गई थी। जिसके बाद चुनाव चिन्ह छीन जाने बाद मनीष कुंजाम को नुकसान में झेलना पड़ा था। 2023 के इस घाव ने छत्तीसगढ़ सहित पड़ोसी राज्यों में पूर्व विधायक मनीष कुंजाम व कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को मायूसी झेलनी पड़ी थी। कोंटा में आयोजित बैठक में अधिवक्ता पोडियम भीमा, उमेश मड़काम, हड़मा मड़काम, अराधना मड़काम, माड़वी हिड़मा, महेंद्र करतम, लीना ओयामी, लक्ष्मी मुनेम, सोढ़ी कोशा, रवणा राव राजू, कवासी माड़वी कोसा सहित सैकड़ों कार्यकर्तागण बैठक में शामिल थे। बस्तरिया राज मोर्चा के संभागीय संयोजक पूर्व विधायक मनीष कुंजाम की उपस्थिति में कोंटा के सामुदायिक भवन में ब्लॉक स्तरीय युवा संगठन का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष माड़वी हिरमा, उपाध्यक्ष इरफान खान, कोंटा उपाध्यक्ष रीना सोड़ी, कांकेरलंका उपाध्यक्ष महेश नुप्पो, सचिव कुंजाम चलपतरी ग्राम सिंदूरगुड़ा सहसचिव पी राजबाबू, सहसचिव मड़कम भीमा, कोषाध्यक्ष महेंद्र करतम को बनाया गया है। वहीं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों में ब्लॉक अध्यक्ष सोड़ी कोसा, उपाध्यक्ष रावड़ा राव, उपाध्यक्ष हांदा सोड़ी, उपाध्यक्ष लीना ओयामी, सचिव सोमनाथ कवासी, सहसचिव हीरालाल कवासी, सहसचिव ऊईका शंकर, कोषाध्यक्ष कवासी राजू को बनाया गया है।

### जनता की समस्याओं व हक के लिए संगठन लड़ेगी लड़ाई

कोंटा सामुदायिक भवन में हुई बैठक में ग्राम पंचायतों से आए प्रमुख कार्यकर्ताओं तथा जनप्रतिनिधिओं को मनीष कुंजाम ने बस्तर संभाग में आदिवासियों के साथ हो रहे दोहन को लेकर विस्तार से समझाया। आने वाले समय में बस्तरिया राज मोर्चा के बैनर तले लड़ाई लड़ने एवं संगठन को मजबूती देने पर बल देते हुए अपने कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को समझाईश दी। ज्ञात हो कि चर्चा व सुझावों के आधार पर बस्तरिया राज मोर्चा संगठन बनाने के फैसला बीते वर्ष लिया गया था। संगठन का झण्डा हरा एवं लाल रंग का होगा। जिसके बीच में महुआ पेड़ महुआ फूल गिरते हुए का चिन्ह होगा। मनीष कुंजाम ने स्थानीय आदिवासी भाषा में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने तथा लड़ने के लिए प्रेरित किया और बस्तर संभाग में नक्सलवाद के उखड़ते कदमों एवं शांति वार्ता पर सरकार द्वारा अस्वीकारता करने की बात पर कहा शायद शांति वार्ता होती तो हाल ही में हुए शिक्षादूतों की हत्या व आम लोगों की हत्याओं पर अंकुश लगने की बात कही।

## युवाओं के जीवन में खेलों के महत्व को स्थापित करने खेल महोत्सव होंगे

दंतेवाड़ा। सांसद महेश कश्यप ने दंतेवाड़ा जिले के समस्त खिलाड़ियों और नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, टीम स्पिरिट और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवाओं के जीवन में खेलों के महत्व को स्थापित करने, खेलों के माध्यम से समाज को एकजुट करने और फिट इंडिया के संदेश को हर घर तक पहुंचाने का संकल्प है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस महोत्सव से जुड़ें और वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन कर सहभागिता सुनिश्चित करें।



सांसद कश्यप ने यह भी स्पष्ट किया कि यह महोत्सव केवल खेल प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इसके माध्यम से ग्रॉसरूट स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। साथ ही पारंपरिक और मोहल्ला खेलों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा, जिनका दस्तावेजीकरण कर प्रतिभा कोष तैयार किया जाएगा। यह प्रयास न केवल युवाओं को अवसर प्रदान करेगा बल्कि बस्तर की खेल के प्रति रुचि को भी प्रदर्शित करेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ताने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और सफलता का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। उन्होंने युवाओं को यह संदेश दिया कि खेलों में सक्रिय भागीदारी से न केवल स्वास्थ्य और व्यक्तित्व का विकास होता है, बल्कि खिलाड़ियों को रेलवे और अनेक बड़ी कंपनियों में रोजगार के अवसर भी प्राप्त होते हैं। इससे उनका भविष्य सुरक्षित होता है। उन्होंने दंतेवाडा जिले के युवाओं से आह्वान किया कि वे सांसद खेल महोत्सव में ऑनलाइन पंजीयन करें और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का यह सुनहरा अवसर न चूकें।

## सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोण्ड



विकासखण्ड बस्तर के शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य एआर नोन्हारे एवं शिक्षक स्टाफ द्वारा सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके शिक्षकीय जीवन एवं देश के प्रति उसके योगदान को स्मरण किया गया। छात्राओं ने इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के मनोरंजन एवं आकर्षक गेम्स एवं पहेलियों आदि का आयोजन किया गया। प्राचार्य द्वारा शिक्षक दिवस के आयोजन पर समस्त छात्राओ को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। छात्राओं ने विभिन्न आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें मुख्य रूप से जिसमें मुख्य रूप से सर्व प्रथम कुमारी डोमेश्वरी, करिश्मा एवं साथियों ने प्रस्तुति दी। दूसरे क्रम में कुमारी दीक्षा, सारोंन एवं साथियों ने प्रस्तुति दी। तीसरे क्रम में कुमारी महक, कुमारी गोल्डी एवं साथीयों ने प्रस्तुति दी। चौथे क्रम में कुमारी पलक, कुमारी वेदिका एवं साथियों द्वारा प्रस्तुति दी गई। अंतिम क्रम में कुमारी मनीषा एवं स्वाती ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया जो सराहनी रहा। इसी प्रकार छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के शिक्षकों की मनोरंजन पहेलियों का आयोजन किया गया था।

# मुख्य मार्ग में लगाए गए पेवर ब्लॉक की सफाई करवाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम





गीदम नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर स्थित दुकानदारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। दुकानदारों ने उन्हें बताया कि गुमडा चौक से नगर पंचायत कार्यालय तक बिछाए गए पेवर ब्लॉक के निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद उसकी सफाई नहीं करवाई गई है। इसके चलते मुख्य मार्ग के दोनों किनारों पर पेवर ब्लॉक पर कचरा जमा हो गया है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना ने इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित पीब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को तुरंत सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पंचायत क्षेत्र में किसी भी प्रकार के गुणवत्ताविहीन कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में किसी भी विभाग द्वारा किए गए कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्व में घटिया निर्माण कार्य पर उनकी नाराजगी के बाद ठेकेदार द्वारा पेवर ब्लॉक को तोड़कर पुनः गुणवत्ता युक्त निर्माण किया गया था। आम लोगों का मानना है कि नगर पंचायत अध्यक्ष की यह सक्रियता और जिम्मेदारी का उनका यह रवैया स्थानीय प्रशासन को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद करेगा। गीदम नाका के पास संचालित मंडल मेडिकल के संचालक विधान मंडल ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में 47 लाख की लागत से लगाए नए पेवर ब्लॉक का कार्य पूर्ण होने के बाद भी अभी तक सफाई नहीं हुई है। जिससे उनके दुकान के सामने पेवर ब्लॉक में कचरा जमा हुआ है।

वहीं मुख्य मार्ग में रहने वाले कृष्ण चंद्र अवस्थी ने बताया कि ठेकेदार द्वारा कर पूर्ण होने के बाद भी सफाई नहीं करवाने के कारण पेवर ब्लॉग लगाए जाने का मकसद पूरा नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा इस मामले से नगर पंचायत अध्यक्ष को अवगत कराया है। विभागीय अधिकारियों को इस पर शीघ्र ही ध्यान देना चाहिए। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ राधे राम और अभियंता वेदव्यास ध्रुव से संपर्क न हो पाने के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

## बुधराम को मिला सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दरभा



विकासखण्ड दरभा की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में पदस्थ व्याख्याता बुधराम कश्यप को एसबीआई जीवन बीमा की ओर से सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का सम्मान दिया गया।

यह सम्मान बुधराम कश्यप को हर वर्ष की भांति शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एसबीआई जीवन बीमा के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक सिंह और लाइफ मित्र शुयश मानिकपुरी के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और अविश्वसनीय समर्पण के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। क्योंकि व्याख्याता बुधराम कश्यप द्वारा स्कूल की हर गतिविधियों में शामिल होकर शाला के सामान्य बच्चों के साथ-साथ गरीब और अनाथ बच्चों को भी आगे बढ़ाने के लिए, उनकी शिक्षा के लिए निरन्तर प्रयासरत रहते हैं। कश्यप के कार्य और शिक्षा बच्चों के सीखने, रचनात्मकता और जिज्ञासा उत्पन्न एवं जुनून सीखने के माहौल को समृद्ध कर देता है, जो सभी छात्रों के लिए सकारात्मक और पोषित वातावरण बनाते हैं।

## नशा मुक्ति के लिए बच्चों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहंडीगुड़ा



भारत सरकार ने नशे की समस्या से निपटने और देश को नशा मुक्त बनाने के लिए नशा मुक्त भारत अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें नशे से मुक्ति दिलाना है। शनिवार को पीएम श्री सेजस लोहंडीगुड़ा में गीता यादव व्याख्याता भौतिकी के नेतृत्व में शाला में नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें बच्चों के द्वारा पोस्टर मेकिन कंपीटीशन कराया गया और नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान देश को नशे से मुक्ति दिलाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार और समुदाय की भागीदारी से इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। हमें सभी को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना होगा और नशा मुक्ति केंद्रों के माध्यम से नशे से पीड़ित लोगों की मदद करनी होगी। इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफ एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। प्रतिभागियों को प्रिंसिपल अशोक खापर्डे के द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम स्थान ग्रहण करने वाले कक्षा 12वीं के रुद्र नारायण पांडे थे एवं द्वितीय स्थान ग्रहण करने वाले कुमारी तमन्ना भद्रे तथा तीसरा स्थान ग्रहण करने वाले गुंजन बघेल कक्षा ग्यारहवीं के छात्र थे। साथ ही शपथ ग्रहण कार्यक्रम को पीएम श्री सेजेस लोहंडीगुड़ा के प्रांगण में समस्त स्टाफ द्वारा संपन्न कराया गया।

# 15 सितंबर को चुनाव से होगा व्यापारी कल्याण संघ का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किरंदुल



लौह नगरी किरंदुल में व्यापारी संघ का कई वर्षों बाद चुनाव होने किरंदुल व्यापारी कल्याण संघ के चुनाव संचालन समिति ने प्रेस वार्ता बुलाकर जानकारी दी कि किरंदुल नगर में पिछले 56 वर्षों के इतिहास में व्यापारिक संघ द्वारा विधिवत मतदान प्रणाली से पदाधिकारी का चयन कभी नहीं किया गया। जिसके कारण व्यापारियों में काफी असंतोष था नगर के कुछ चुनिंदा व्यापारी द्वारा लोगों मनोनीत किया गया था उन पदाधिकारियों की कार्य प्रणाली से हमारे किरंदुल के व्यापारी खुश नहीं थे। जिसे देखते हुए नगर के व्यापारियों ने किरंदुल के अंबेडकर भवन में 30 अगस्त को एक विशाल आम सभा आहूत की जिसमें पूर्व की तरह मनोनीत प्रणाली को नकारते हुए किरंदुल व्यापारी संघ के तत्वाधान में दिनांक 15 सितंबर को चुनाव कराने का निर्णय लिया। संचालन समिति ने बताया कि यह चुनाव सभी व्यापारियों को जोड़कर मतदान प्रणाली के द्वारा पदाधिकारी का चयन कर एक पारदर्शी व सशक्त नेतृत्व तैयार किया जाएगा। जिसमें नगर के सभी व्यापारियों की सत प्रतिशत भागीदारी होगी। नगर में व्यापारियों द्वारा नए संघ बनाने की लोकप्रियता को देखते हुए पुराने बैलाडीला व्यापारी संघ संघ द्वारा हम पर कई बेबुनियाद एवं मिथ्या आरोप लगाया जा रहे हैं जिसे हम खंडन करते हैं। पूर्व संघ ने आरोप लगाया की किरंदुल व्यापारिक कल्याण संघ फर्जी है। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं है हम चुनाव प्रणाली से पदाधिकारी चुन कर रजिस्ट्रेशन करवाएंगे, पहले संघ बनाया जाता है उसके पदाधिकारी की एक बॉडी गठित की जाती है उसके बाद ही रजिस्ट्रेशन नंबर मिलता है। इस प्रणाली के तहत पहले हमारे द्वारा संगठन को गठित किया जाएगा उसके बाद रजिस्ट्रेशन करवाया जाएगा। 54 वर्षों के बाद 2 वर्ष पूर्व संघ का रजिस्ट्रेशन कराया है रजिस्ट्रेशन के लिए संघ के सदस्यों की बैठक होती है पदाधिकारी का चयन होता है जिसकी सूची रजिस्टार ऑफिस में प्रस्तुत की जाती है पर क्या उन्होंने कोई बैठक किया था, या चंद् लोगों द्वारा अपना नाम पदाधिकारी की सूची में लिखकर संघ का रजिस्ट्रेशन कराया गया उन पदाधिकारियों को हम वैध नहीं मानते, उन पदाधिकारिओं की पूरे कमेटी की इसकी जानकारी आज तक किसी भी व्यापारी को नहीं है। पूर्व संघ में पारदर्शिता नाम की कोई चीज ही नहीं है। 2 वर्ष पूर्व रजिस्ट्रेशन करने के बाद भी आज तक संघ की एक भी बैठक क्यों नहीं बुलाई गई । संघ में नए सदस्यों को क्यों नहीं जोड़ा गया। रजिस्ट्रेशन की जानकारी व्यापारियों को क्यों नहीं दी गई थी संघ का लेखा जो अकाउंट की जानकारी आज तक किसी को नहीं दी गई व्यापारी संघ में इतने वर्षों में कहां से किन कंपनियों से कितना चंदा आया है इसका हिसाब पूर्व कमेटी सार्वजनिक क्यों नहीं करती है।

किरंदुल व्यापारी कल्याण संघ ने 390 से अधिक लोगों ने सदस्यता लिया है जिसमें मात्र 16 ही ठेकेदारों ने सदस्यता लिया है अपनी एकता का परिचय देते हुए अपने मनपसंद नेतृत्व को चुनकर 15 तारीख को अपना मतदान देकर एक पारदर्शी एवं कुशल नेतृत्व को चुने। इस पत्रकार वार्ता में संचालन कमेटी से बंटी अरोड़ा, ओम सोनी,बिप्लव मल्लिक, राजू राव, अजय सरकार, कुंदन सोनी, शेखसगीर, रवींद्र सोनी, आरसी नाहक, संजय सोनी, तपन दास, राजेन्द्र सक्सेना, पंकज सिंहा मौजूद थे।

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किरन्दुल






किरंदुल परियोजना प्रबंधन द्वारा डीएवी स्कूल के सभागार में परियोजना विद्यालय, डीएवी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, प्रकाश विद्यालय, विद्या मंदिर, भारत माता मॉडल स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ वृहद स्तर पर शिक्षक दिवस मनाया। सर्वप्रथम

■ किरंदुल परियोजना में मनाया गया शिक्षक दिवस

मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक एवं विशिष्ट अतिथि केएल नागवेणी, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। तत्पश्चात मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए समाज में शिक्षक के स्थान को रेखांकित किया और व्यक्ति के चरित्र निर्माण में एक अच्छे शिक्षक की आवश्यकता को विषद किया। केएल नागवेणी उप महाप्रबंधक मानव संसाधन ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि हमारे जीवन में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। आप चाहे जीवन के किसी भी पड़ाव पर हो शिक्षक की आवश्यकता सबको होती है। शिक्षक समाज की रीढ़ की हड्डी होती है जो हमारे चरित्र के निर्माण और भविष्य को आकार देने में तथा देश का आदर्श नागरिक बनाने में हमारी मदद करते हैं। साथ ही शिक्षकों का समाज में दिए जा रहे विशिष्ट योगदान को सहारा। मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार सहित वितरित किए। शिक्षिकाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में सुनील कुमार उप महाप्रबंधक प्रशि. व सुरक्षा, एस. चिकाटे उप महा प्रबंधक सी एंड आईटी, डॉ. एमवी लाल मुख्य चिकित्सा अधिकारी शैलेन्द्र सोनी, सहा.महाप्रबंधक मा.सं., दीपक पाल सहा. महाप्रबंधक मा.सं., देवरायलू, अध्यक्ष एसकेएमएस, रोशन मिश्रा, उपाध्यक्ष एसकेएमएस, एके सिंह, सचिव एमएमडब्ल्यू यूनियन, राहुल साठवने वरि.प्रबंधक मा.सं., विकास कुमार, सहा.प्रबंधक, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रोजी निरोला सोरेन और कुनामी हंसदा, सहा.प्रबंधक मा.सं. ने बखूबी किया। अंत में मो.तनवीर जावेद उप महाप्रबंधक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की सफलता में कार्मिक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अमूल्य योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### युवती ने फांसी लगा खुदकुशी की

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत 26 वर्षीय ज्योति साहू ने अपने कमरे में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। श्यामा नगर कांकेर निवासी रवि साहू ने पुलिस को बताया कि 6 सितंबर को मृतिका ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के पहले युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए मृतक 31 वर्षीय संदीप टांडिया का 6 सितंबर को इलाज से पहले ही मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल में लाए थे। चिकित्सकों ने परिक्षण कर बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल युवक की हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत 29 वर्षीय राकेश साहू का इलाज के दौरान 1 मई को रायपुर के जिला अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। चोट गंभीर होने के कारण मौत हो गया। शुन्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी भानुप्रतापपुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दमकसा में आज मनाया जाएगा साक्षरता दिवस

**दुर्गुकोंदल।** विकास खंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन जंगोरायतार विद्या केतुल शिक्षण एवं शोध संस्थान दमकसा में रखा गया है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगो को शामिल होने का आव्हान किया गया है।

### चंद्रग्रहण के चलते मंदिरों के कपाट रहे बंद

**जगदलपुर।** मां दंतेश्वरी मंदिर का रविवार को दोपहर 12 बजते ही कपाट बंद कर दिया गया। दंतेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी कृष्णचन्द्र पाढ़ी ने बताया अब मंदिर के कपाट सोमवार सुबह खोला जाएगा। इस दौरान पूरा मंदिर का गंगाजल से शुद्धिकरण कर विधिविधान से देवी माता को स्नान किया जाएगा।

### पर्व : भीड़ को नियंत्रित करने पर पुलिस प्रशासन को करनी पड़ी मशक्कत

# श्रीगणेश विसर्जन शोभायात्रा में एक से एक मनोरम झांकियां निकालीं, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर में गणेश विसर्जन पर विभिन्न समितियों द्वारा प्रस्तुत

- शहर के अलावा आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे





झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। विशेषकर अघोरी ग्रुप की झांकी को देखने के लिए जनसमूह उमड़ पड़ा। इस बार गणेश विसर्जन में उमड़ी भीड़ ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। आसपास के गांवों से भी लोग पहुंचकर इस भव्य आयोजन के साक्षी बने। श्री सनातन गणेश मण्डली द्वारा इस वर्ष गणेश विसर्जन विशेष झांकी के साथ संपन्न किया गया। यह झांकी क्षेत्रवासियों के लिए आकर्षण और कौतुहल का केंद्र रही। मनमोहक दृश्य और अद्वितीय प्रस्तुति ने इस आयोजन को भानुप्रतापपुर वासियों के लिए अविस्मरणीय बना दिया। युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था, लेकिन भारी भीड़ के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई न आयोजक और न ही पुलिस प्रशासन इतनी बड़ी भीड़ का अनुमान लगा पाया। महाराजा चौक और राजा तालाब चारों ओर से दर्शक दीर्घा में बदल गए। आधी रात तक गणपति बप्पा का विसर्जन होता रहा। डीजे पर कानफोड़ संगीत और कंपन ने कई लोगों को व्यथित भी किया। वहीं दूसरी ओर भीड़ के बीच यह संदेश भी स्पष्ट हुआ कि धार्मिक आस्था और हिंदुत्व की भावना पहले से कहीं अधिक जागृत हुई है। पुलिस प्रशासन हर जगह अलर्ट पर जरूर रहा पर भीड़ नियंत्रण की चुनौती भारी पड़ती दिखी। इस आयोजन से यह अनुभव जरूर मिला कि आने वाले वर्षों में व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। गणेश विसर्जन की यह झांकी जनमानस में गहरी छाप छोड़ गई। चाहे आस्था हो, धर्मनिष्ठा हो या महज़ झांकी देखने का आकर्षण हर पहलू ने यह साबित किया कि युवा वर्ग एक नई सोच और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है।

### हाटकोंदल बरगांव में भक्तों ने बप्पा को दी भावभीनी विदाई



**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत हाटकोंदल बरगांव में गणेश चतुर्थी का पर्व परंपरागत उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। रविवार को गणेश विसर्जन के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पुरुष, महिलाएं और बच्चे अबीर-गुलाल के रंग में सराबोर होकर बप्पा को विदाई देने पहुंचे। विसर्जन यात्रा में मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तगण जमकर उत्साह दिखाते नजर आए। डीजे की थाप पर झूमते हुए श्रद्धालुओं ने बप्पा को अगले वर्ष आने का आमंत्रण दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणेश भक्तों ने भाग लिया। गणेश विसर्जन की यह परंपरा हर वर्ष धूमधाम से मनाई जाती है। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ बप्पा को भावभीनी विदाई दी। सभी भक्तों ने बप्पा से सुख, समृद्धि और शांति का आशीर्वाद मांगा। विसर्जन में सरपंच हरिषा मडांवी, परमेश गढ़िया, पवन रावटे, सरोज मडांवी, रवि रावटे, मुकेश मडांवी, भूषण रावटे, नरेश रावटे, संजय, चुम्मन फरदिया, भाव सिंह पांडे, किशोर पांडे, कमलेश रावटे, दुर्गा प्रसाद, पंकज, रंजीत नेताम, आसाराम और देवप्रसाद सहित कई गणेश भक्त शामिल रहे।

### कोयलीबेड़ा की 103 पंचायतों के लिए आवास चौपाल आयोजित की



**पखांजूर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास निर्माण को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसके अंतर्गत जपं कोयलीबेड़ा के 103 ग्राम पंचायतों के लिए आवास चौपाल का आयोजन किया गया। इन चौपालों में आवास निर्माण से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य हितग्राहियों को समय पर उनके घर उपलब्ध कराना है। आयोजित चौपाल में उन सभी आवासों की स्थिति की समीक्षा की गई जो अभी तक पूरे नहीं हो पाए हैं। इन आवासों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए हितग्राहियों और अधिकारियों ने मिलकर सुझाव दिए। कार्यक्रम में राजमिस्त्री मिस्त्री की कमी, निर्माण सामग्री की अनुपलब्धता और बारिश के मौसम में काम करने जैसी दिक्कतों पर खुलकर बात हुई। इन समस्याओं को हल करने के लिए ठोस उपाय भी तय किए गए। आवास निर्माण में तेजी लाने के लिए स्थानीय स्तर पर राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित करने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा, काम को समय पर पूरा करने के लिए आवास टोली बनाने का भी निर्णय लिया गया। चौपाल के दौरान आवास योजना के लाभार्थियों को निर्माण की तकनीक, समय सीमा और सरकारी योजनाओं के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। आवास निर्माण को शीघ्र पूरा करने के लिए प्रत्येक गांव के लिए एक स्पष्ट कार्ययोजना बनाई गई है, जिससे काम को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया जा सके सभी अहम मुद्दों पर हुई चर्चा कर हितग्राहियों से अपील की है कि वे इस पहल में सहयोग करें और समय पर अपने आवास का निर्माण पूरा कर योजना का लाभ उठाएं। इस प्रयास से क्षेत्र में आवास निर्माण की प्रगति में महत्वपूर्ण सुधार आने की उम्मीद है। चौपालों में न सिर्फ सरकारी अधिकारी बल्कि सरपंच, वार्ड पंच, जनप्रतिनिधि, महिला स्व-सहायता समूह, आवास हितग्राही और ग्रामीण शामिल हुए।

## प्रो कबड्डी में 38 और बॉलीबाल प्रतियोगिता में 25 टीमों ने किया खेल कौशल का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम हल्बापारा चिहरों में नई उड़ान युवा क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रो कबड्डी और बॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। अतिथियों ने कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और सभी को खेलों के माध्यम से अनुशासन, एकता एवं स्वस्थ समाज की दिशा में आगे बढ़ने का आव्हान किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में 38 टीमों ने हिस्सा लिया, जबकि बॉलीबाल में 25 टीमों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने कहा हमारे लिए गौरव की बात है कि हम ग्रामीण अंचल में खेलों का आयोजन कई वर्षों से करते आ रहे हैं। इसी आयोजन में हिस्सा लेकर कई खिलाड़ियों ने आज अपने-अपने क्षेत्र में नाम कमाया है। ऐसे प्रतियोगिताओं से ग्रामीण अंचल के कई प्रतिभा निखर कर आगे आ रहे हैं। ऐसे खेलते हुए आप भी अपने क्षेत्र में आगे बढ़े और ग्रामीण अंचलों का नाम रोशन करें। ऐसे आयोजनों से नए लोगों से मिलने का अवसर मिलता है। यह सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि यह भारत की संस्कृति का एक हिस्सा है, जो हमें शारीरिक फिटनेस, मानसिक चुस्ती और सबसे बढ़कर टीम वर्क का पाठ सिखाता है। सरपंच मीना दुग्गा ने कहा कबड्डी और बालीबाल जैसे खेल कड़ी मेहनत और समर्पण सिखाते हैं। ये खेल युवाओं को आगे बढ़ने और समाज का नाम रोशन करने की प्रेरणा देते हैं। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम कराठी 11025, द्वितीय आमगुहान 7025, तृतीय चिहरों 4025, चतुर्थ हाटकोंदल 2025 रूपए एवं बालीबाल में प्रथम डांगरा 4025, द्वितीय साधुनवागांव 2025 रुपए एवं ट्राफी प्रदान किया गया। कार्यक्रम वार्डपंच मंशा कोवाची, उपसरपंच हरसिंह ध्रुव, वार्ड पंच रमो ध्रुव, गनेसिया चुरेन्द, संतलाल, ईश्वर, अशोक, ललित, मिथलेश, नवल, बीरेंद्र, गोविंद नेवरा आदि उपस्थित रहे।

### कमरे में लटका मिला अधेड़ ग्रामीण का शव

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत 50 वर्षीय सुशील नेताम का फांसी लगाने से मौत हो गया। सारवंडी निवासी जलसुराम नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक सुशील जिस कमरा मे सोया थ उसक कमरा का दरवाजा बंद था। आवाज देने पर भी दरवाजा नही खोला। कमरे के खिड़की तरफ से 5 सितंबर को देखा तो उसने फांसी लगा लिया था व उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवती की मौत, कारण अज्ञात, मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत अज्ञात कारणों के चलते 42 वर्षीय अंजना मलिक का 5 सितंबर को मौत हो गया। पीएचसी बांदे के वार्ड ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। अज्ञात कारणों से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## भानुप्रतापपुर परिवहन संघ चुनाव युवा पैनल का घोषणा पत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर



परिवहन संघ का चुनाव 10 सितंबर को होने वाला है और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, क्षेत्र में चुनावी माहौल गरमा गया है। परिवहन संघ में कुल 360 मतदाता है, जो इस बार अपने प्रतिनिधि चुनेंगे। इस बार युवा पैनल, सत्य पैनल और एकता पैनल चुनाव मैदान में हैं। इन दिनों युवा पैनल के सभी प्रत्याशी संघ के सदस्यों से मिलकर समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं और चुनावी मैदान में पूरी ताकत झोंकते हुए घोषणा पत्र को भी जारी किया हैं। युवा पैनल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घोषणा पत्र जारी करते हुए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सचिन दुबे ने कहा कि यदि सदस्यों का आशीर्वाद मिला तो संघ का संचालन पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ होगा। घोषणा पत्र के प्रमुख बिंदु हर दो माह में अनिवार्य आमसभा आयोजित कर संघ की आय-व्यय की जानकारी साझा किया जाएगा, पिछले कार्यकाल का आय-व्यय भी सार्वजनिक किया जाएगा, सदस्यों के मासिक शुल्क में रियायत देने और संघ की संपत्ति का दुरुपयोग रोकने का संकल्प, कार्यकाल के भीतर ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने का प्रयास, दुर्घटनाग्रस्त वाहन मालिकों को विशेष ट्रिप देकर नुकसान की भरपाई की व्यवस्था, किसी भी पदाधिकारी द्वारा व्यक्तिगत लाभ के लिए ट्रांसपोर्टिंग कार्य न लेने का वादा, खदानों के भुगतान का पीडीएफ उपलब्ध करवाने और खदानों में अनुपात रेसिओ बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। प्रतिदिन संघ कार्यालय में पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना, चेमल माइंस में डीजल सुविधा उपलब्ध कराना, तेन्दूपत्ता लोकल परिवहन कार्य व रेक पॉइंट चावल, सीमेंट कार्य संघ में वापस लाना, 12 चक्का वाहन मालिकों को सभी खदानों में कार्य दिलाने के लिए विशेष योजना बनाया जाएगा। पैनल के अन्य प्रत्याशियों में उपाध्यक्ष पद के लिए संदीप पवार, सचिव पद के लिए ललित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद पर नरेन्द्र शर्मा और सहसचिव पद के लिए विभाष जायसवाल मैदान में हैं।

## दमकसा स्कूल में प्राचार्य ने किया पदभार ग्रहण



**दुर्गुकोंदल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमकसा में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है। हेमलता वाडिया ने विद्यालय के प्राचार्य पद का विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कुमुद ध्रुव एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हेमलता वाडिया का पुष्पगुच्छ एवं फूलमाला भेंट कर एवं शुभकामनाएँ देकर स्वागत किया। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि उनके कुशल नेतृत्व में विद्यालय नई ऊँचाइयों को छुएगा तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण एवं अवसर उपलब्ध होंगे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने अपने-अपने विचार रखे और नई प्राचार्य के साथ मिलकर विद्यालय के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा की। विद्यालय परिवार ने मिलकर यह संकल्प लिया कि सभी मिलजुलकर विद्यालय के शिक्षा स्तर को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे।

## पत्नी को भाभी बोलने पर युवक की पति ने की पिटाई व दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

थाना कांकेर अंतर्गत ऊपर नीचे रोड के पास बीती रात को महिला को भाभी बोलना युवक को महंगा पड़ गया। महिला के पति ने युवक के साथ मारपीट किया और युवक को धमकी दिया कि उसकी पत्नी को भाभी न बोले। मारपीट से युवक को चोट आई। इलाज के लिए अस्पताल गया, जिसके बाद थाना में शिकायत दर्ज कराया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे जवाहर वार्ड कांकेर निवासी 42 वर्षीय नरेन्द्र कुमार वर्मा पिता स्व. भगवती प्रसाद वर्मा ने पुलिस को बताया कि 6 सितंबर को रात 9 बजें किराना सामान लेने किराना दुकान पुराना बस स्टैण्ड कांकेर गया था। सामान खरीदने के बाद वापिस घर जा रहा था। ऊपर नीचे रोड पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास रात लगभग साढ़े 9 बजें पहुंचा था, वहां पर बहुत ज्यादा भीड़ होने के कारण से आवागमन बाधित हो गया था और एक कार वाला गली से निकलने के लिए हार्न बजा रहा था। तब मैं कार वाले को बोला कि मैं मोटर सायकल को हटा रहा हूँ और वही पर हनुमान मंदिर के पास मे रोहित सारथी अपने परिवार के साथ मे खड़ा था। तब मैं उसके पत्नि को बोला भाभी अपने पति को यहां से ले जाओ। इतना बोलते ही रोहित सारथी गुस्से में आकर मेरी पत्नि को तुम भाभी कहने वाले कौन होते हो, बोलकर गाली देने लगा। हाथ मुक्का एवं पाईप से मारपीट किया और जाते जाते बोला तुम मुझे जानते नही हो, आज के बाद मेरी पत्नि को भाभी नही बोलोगे कहते हुए मुझे जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट करने से मेरे सिर और पैर में चोट लगा। मै वही पर बेहोश हो गया था। घटना के बाद घर गया और परिवार वालो को जानकारी दिया।

परिवार वालो ने मुझे इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रोहित सारथी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## ट्रक की ठोकर से आटो रिक्शा क्षतिग्रस्त, सवारी बाल बाल बचे



**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत कुहचे रोड में गौठान के पास ट्रक चालक ने अपनी वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से आ रही आटो को सामने से टक्कर मार दिया। गनीमत रहा की टक्कर से आटो में सवार किसी को गंभीर चोट नही आई। दुर्घटना में आटो क्षतिग्रस्त हो गया। आटो चालक की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना अंतागढ़ में शिकायत करने पहुंचे वार्ड क्रमांक 8 मिनीमाता वार्ड अंतागढ़ निवासी 38 वर्षीय अमृत पटेल पिता स्व. सुखसागर पटेल ने पुलिस को बताया कि 6 सितंबर को रोज की तरह रात को रेल्वे स्टेशन कुहचे से सवारी लेकर अंतागढ़ जा रहा था। रात करीबन साढ़े 10 बजें कुहचे रोड गोठान के पास पहुंचा था कि सामने से आ रही वाहन क्रमांक सीजी 21 जे 9200 के चालक गढ़पारा अंतागढ़ निवासी उत्तम भुआर्य के द्वारा मेरे आटो क्रमांक सीजी 19 बीएस 4196 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मुझे और आटो में बैठे सवारी को किसी प्रकार का कोई चोट नहीं लगा, लेकिन मेरा आटो क्षतिग्रस्त हो गया। आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 21 जे 9200 ट्रक का चालक उत्तम भुआर्य से बातचीत के दौरान शराब गंध आ रहा था। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन 21 जे 9200 ट्रक का चालक उत्तम भुआर्य के खिलाफ धारा 185 मोटरयान अधिनियम, 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### छग पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक रायपुर में 10 को

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग समाज रायपुर का प्रदेश स्तरीय बैठक 10 सितंबर बुधवार को भानुप्रतापपुर रेस्ट हाउस में रखा गया है। बैठक में प्रदेश के अध्यक्ष, प्रदेश के समस्त पदाधिकारी, संभागीय अध्यक्ष, संभाग के समस्त पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष शामिल रहेंगे। इस बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 अक्टूबर को प्रदेश स्तरीय स्थापना दिवस मनाने के विषय में और साथ ही संगठन विस्तार के संबंध में भी चर्चा होगी एवं अतिथि आगमन का भी विषय रहेगा।

## राज्यस्तरीय डीजे डांस स्पर्धा सीजन 3 आज



**दुधावा।** राज्यस्तरीय डीजे डांस सीजन 3 का प्रतियोगिता आयोजन गणेशोत्सव के अवसर पर आज 8 सितंबर सोमवार को धनोरा ग्राम में रखा गया है। श्री नवयुवक गणेश उत्सव समिति बजरंग चौक धनोरा के द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

सामूहिक नृत्य में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम आने वाले को पुरूस्कार में क्रमश : 20025, 15025, 10025, 7025 एवं 5025 रूपएं रखा गया है। युगल नृत्य में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले को पुरूस्कार में क्रमश : 5125, 3525, 2525 रूपएं रखा गया है। एकल नृत्य में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले को पुरूस्कार में क्रमश : 3025, 2525 और 2025 रूपएं रखा गया है। उक्त जानकारी श्री नवयुवक गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारियों में अध्यक्ष संजू भास्कर, उपाध्यक्ष पंकज साहू, कोषाध्यक्ष देवकरण कोड़ोपी, सचिव विशाल यादव और सहसचिव अनुज कौशिक ने दी।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

